## खबर संक्षेप

### 15 को शुगर मिल मालिकों के खिलाफ मौन धरना

**चौरई :** भाजपा सरकार किसानों को हमेशा आगे बढ़ाने के लिए कार्य कर रही है मगर चौरई विस मे शुगर मिल मालिको द्वारा लगातार किसानों का शोषण किया जा रहा है प्रशासन के समक्ष लगातार बात रखने के बाद भी कोई हल निकल नही पा रहा है और शुगर मिल मालिक अपनी मनमानी कर रहे है। पड़ोसी जिलों में गन्ने का भाव 350 रूपये प्रति क्विंटल से उपर है मगर हमारे जिले में 330 रूपये है इसलिए दिनाक 15 जनवरी 2024 दिन सोमवार को शुगर मिल मालिको के खिलाफ किसानों के साथ मिलकर सुबह 10 बजे से सायं 05 बजे तक मौन धरना एवम् अनशन का कार्यक्रम बस स्टैंड चौरई मे जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र रघुवंशी के नेतृत्व मे रखा जाएगा जिसमे उन्होंने सभी किसान बंधुओ को अपनी उपस्थिति प्रदान करने की अपील की है।यदि इसके बाद भी भाव नही बड़े तो मिल का घेराव कर आंदोलन करेगी।

### लगभग 10 लोगों को आई चोटें, उपचार के लिए अस्पताल किया गया रेफर

# टवेरा-कार में भिड़ंत,10 घायल, 2 गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

टवेरा और कार के बीच जोरदार टक्कर हुई है दोनों वाहनो मे सवार ,10 लोग घायल हुये है,जिसमे 2 की हालत गंभीर बताई जा रही है. मोहखेड़ थाना क्षेत्र के सिल्लेवानी के पास हुआ हादसा ,घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया गंभीर रूप से घायल नागपुर रेफर किया गया है. सिल्लेवानी घाटी में घायल होने वालों में सुमित्रा पिता लक्ष्मण चतुर 50 साल निवासी गुमगांव, देवगा पिता दुभिसा माहोरे 60 साल निवासी नागपुर, प्रमोद पिता नत्थु जी मेडवार 26 साल निवासी नागपुर, भानुदास पिता गजानन चतुर 55 साल निवासी गुमगांव, कुणाल पिता



हरिदास चतुर 30 साल निवासी गुमगांव, वंदना पिता इकबाल सिंग 34 साल निवासी नागपुर, राखी पिता कुणाल चतुर 30 साल निवासी गुमगांव, गौरी पिता आई सिटकर 34 साल निवासी खापरखेडा सहित अन्य दो घायल शामिल है। वही सुमित्रा चतुर और मोहम्मद खान ज्यादा गंभीर है।

### पुलिस जांच में जुटी

टवेरा वाहन में सवार महाराष्ट्र के निवासी छिंदवाड़ा से नागपुर की ओर जा रहे थे तभी अचानक मोड पर टवेरा और कार की टक्कर हो गई टवेरा में सवार और कार वाहन में सवार लगभग 10 लोगों को चोटें आई हैं जिन्हें 108 के माध्यम से तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया ।

### क्या जांच भी चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट

## अनुशंसा के बाद भी नहीं हुई एफआईआर, यह भी जांच के दायरे में



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

6 जनवरी जिले के सक्रिय समाजसेवी रिंकू रितेश चौरसिया ने प्रेस वार्ता जारी कर लायंस क्लब परासिया लायंस ऑई हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर परासिया जिला छिंदवाड़ा द्वारा की जा रही धोखाधड़ी को पर्दाफाश किया। लायंस क्लब लायंस सेवा समिति एनजीओ संस्था जो की विगत 5 वर्षों से परासिया में बेयर हाउस रोड में अपना अस्पताल बनाकर के आंखो संबंधी इलाज की सेवाएं दे रही है। परंतु ऑपरेशन के नाम पर करोड़ों के वारे न्यारे करने वाली संस्था की लिखित शिकायत मंगलवार को शिकायकर्ता द्वारा कलेक्टर महोदय से की गई। देखना है कलेक्टर इसमें क्या कार्यवाही करते है। यहां यह बात गौर करने वाली है कि 18 मई 2023 को क्षेत्रीय संचालक महोदय स्वास्थ्य सेवाएं जबलपुर को जांच रिपोर्ट जांच कर्ताओं द्वारा सौंप दी गई थी और जांच रिपोर्ट सौंपी गई। जांच अधिकारियों ने 18-5-2023 को जांच कर यह साबित कर दिया कि लायंस क्लब द्वारा किए गए ऑपरेशन के नाम पर भारी फर्जीवाड़ा किया गया है जिसके बाद इन पर एफआईआर भी दर्ज करने की बात की गई है। परंतु आज दिनांक तक इन दोषियों पर कार्यवाही क्यों नहीं की गई यह भी अब जांच का विषय है। अब अगर प्रशासन इस मुद्दे को गंभीरता के साथ लेता तो शासन के साथ धोखाधड़ी कर लाखों का नुकसान पहुंचाने वाले एनजीओ के संचालकों पर एफआईआर के बाद जेल की सलाखों के पीछे होते। कार्यवाही नहीं होने के चलते आज भी उनके हौसले बुलंद है। एक सामाजिक कार्यकर्ता अपनी जान जोखिम में डालकर ऐसे समाज विरोधी लोगों के विरूद्ध खड़ा होकर अन्याय करने वालों को जेल पहुंचाने की प्रमाणित दस्तावेजों के साथ प्रयास करता है। तब यह बात विचारणीय लगती है कि क्या भ्रष्टाचार की जड़े इतनी गहरी हो गई है कि अब प्रमाणित अपराध पर भी कार्यवाही न किए जाने की लापरवाही प्रशासन के अधिकारी खुलकर करते है और उन्हें यह भी महसूस नहीं होता कि फर्जी ऑपरेशन करके शासन को कितना नुकसान पहुंचाया गया है।

## भारतीय संस्कृति को बचाना जरूरी : हम फाउंडेशन



**पांढुर्ना।** आज मानवता की सेवा में अग्रणी हम फाउंडेशन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष निशिकांत चौधरी की मौजूदगी में नगर शाखा, महिला संस्कृति शाखा और विवेकानंद शाखा की अलग अलग बैठक हुई। तीनों बैठकों में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए भारतीय संस्कृति को बचाना बेहद जरूरी है। हम फाउंडेशन भारत समाज सेवा में विभिन्न प्रकल्पों पर काम कर रहा है। आज राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय ने हम फाउंडेशन पांढुर्ना के जिला अध्यक्ष की रूप में सुभाष बुधराजा को आम सहमती से मनोनीत किया। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रामाश्रयी प्रवीन पालीवाल को हम फाउंडेशन का प्रदेश संस्कार सेवा प्रमुख बनाया गया है। पांढुर्ना जिला महामंत्री के रूप में गुड्डु कावले एवं दिलीप केवटे को मनोनीत किया गया। पांढुर्ना जिले में और 10 गांवों में शाखाए के विस्तार की योजना बनायी गई। गुरूदेव सेवा मंडल में हम फाउंडेशन भारत महिला संस्कृति शाखा अध्यक्ष के रूप में बीते सत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली सौ. मालतीताई जवने के सम्मानित किया गया। इस मौके पर यादवराव डोबले, चिंतामन खुरसंगे, अध्यक्ष संजय येरपुडे के अलावा अनेक मौजूद थे।

## संत जलाराम सेवा मंडल भवन के दुरूपयोग का आरोप

### गरीबों को भोजन एवं धार्मिक कार्यों के लिए दान में मिली भूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

संत जलाराम अतिथि ग्रह सेवा मंडल की भूमि पर बनाए गए भवन को किराए से देकर कुछ सदस्यों द्वारा इस राशि का हिसाब नहीं दिया जा रहा है ऐसा लिखित आवेदन चिराग पोपट, हरसुल पटेल, मोहित पटेल, राजू पोपटतथा राजू मसरू ने कलेक्ट्रेट पांढुर्ना की जनसुनवाई में दिया। चिराग पोपट ने बताया कि संत जलाराम सेवा मंडल को उनके दादा प्रेशंकर नेजी रावल ने 28 जून 1997 को 3000 वर्गफिट नीजी भूमि दान दी थी। दान देने का उद्देश्य गरीबों के लिए भोजन व्यवस्था, धार्मिक कार्यों एवं मंगल कार्य किया जाना लिखवाया गया था। इसके बाद इस दान की भूमि पर मंडल ने भवन निर्माण किया। लेकिन बाद में जिन शुभ कार्यों के लिए भूमि दान दी थी उसके विरूद्ध इस भवन को महर्षी विश्वामित्र महाविद्यालय पांढुर्ना को 25000 रू. प्रतिमाह से किराए से दिया



गया। इस भवन में 10 वर्ष तक यह विद्यालय रहा बीते 6 माह से यह भवन रिक्त है। चिराग पोपट ने बताया कि किराए की राशि को लेकर समिति के जिम्मेदार पदाधिकारियों द्वारा बार बार मांगने के बाद भी समिति के बैठक में आय का हिसाब प्रस्तुत नहीं किया गया। चिराग पोपट के अनुसार किराए का हिसाब देने से बचने के लिए जिम्मेदार पदाधिकारी ने बहुसंख्य सदस्यों की नाजानकारी में जलाराम सत्संग मंडल समिति का निर्माण कर लिया। इस प्रकार संत जलाराम अतिथि गृह सेवा मंडल समिति समिति, गुजराती युवक मंडल एवं दानदाता परिवार के सदस्यों को आर्थिक आवक जावक के बारे में कोई जानकारी प्राप्त नहीं होती।

### किराए की राशि से बन रहा भवन

श्री संत जलाराम भवन निर्माण समिति पांढुर्ना के अध्यक्ष राहुल मेहता उक्त सभी आरोपों को निराधार बताया। इन्होंने साफ कहा कि थोडा थोडा किराया एकत्र कर इस राशि से यह भवन बनाया गया है। भवन का अभी काफी काम बचा है। हमें इस भवन को ऐसा बनाना है जहां 50 से अधिक वृद्धों, विकलांगों, बीमारों को अच्छे से रखा जा सके। इन सभी लोगों को मेडिकल, भोजन, आवास एवं अन्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए सर्वसुविधायुक्त भवन निर्माण का प्लान है। किराए की राशि बैंक खाते में जमा की जाती है और इसी खाते से भवन के खर्चे चलाए जा रहे है। शुभ उद्देश्यों के लिए भूमि दान दी गई है यह सच है और ट्रस्ट में दान दाताओं के उत्तराधिकारियों का नाम निश्चित रूप से दर्ज होगा लेकिन कुछ सदस्यों को गलफहमी हो गई है इसलिए ऐसे आरोप प्रत्यारोप लगा रहे है।

### राष्ट्रीय हिंदू सेना ने सिंगोडी चौकी प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

**सिंगोडी ।** राष्ट्रीय हिंदू सेना सिंगोड़ी द्वारा बीते दिन अमरवाड़ा विकासखंड के गांव पटनिया में दो आसामाजिक तत्व द्वारा गौ माता की निर्मम हत्या कर को गौमांस को घर के किचन रूम में छुपा के रखा था जैसे ही संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा सूचना प्राप्त हुई थी कि यहां के दो व्यक्ति द्वारा गौ माता की निर्मल हत्या कर गोमांस को छिपा रखा था जैसे ही संगठन की कार्यकर्ता द्वारा सूझबूझ कर पुलिस प्रशासन को सूचना दी गई वैसे ही पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी राजेश गुन्हारे सत्यवान गुन्हेरे के यहां से दो बोरी को मांस जप्त किया गया वा राष्ट्रीय हिंदू सेना सिंगोडी द्वारा चौकी प्रभारी जी को ज्ञापन सौंप कर सख्त से शख्त कार्रवाई की मांग कर निष्पक्ष जांच की मांग उठाई गई इस दौरान राष्ट्रीय हिंदू सेना जिलाध्यक्ष यमन साहू जिला उपाध्यक्ष अनुराग श्रीवास्तव छात्र परिषद जिलाध्यक्ष विजय गौली आदि मौजूद रहे।

### आमंत्रण पत्रिका का हुआ विमोचन, महोत्सव आज से



**छिंदवाड़ा** - श्री दिगम्बर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन द्वारा आज गुरुवार 11 जनवरी से नई आबादी गांधी गंज स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जिनालय 20 वां वार्षिक महोत्सव विविध अनुष्ठानों के साथ भक्ति भाव पूर्वक मनाया जावेगा।जिसकी आमंत्रण पत्रिका का विमोचन विशेष समारोह में बाल ब्रह्मचारणी प्रज्ञा बहन, अंतिमा बहन, अंजली बहन, वैशाली बहन, सुरेंद्र जैन, फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन एवं रूपेंद्र शास्त्री के हाथों कर सकल जैन समाज को आमंत्रित किया गया।पावन त्रिवेणी में होगा स्नान -चार दिवसीय मंगल महोत्सव में प्रतिदिन श्री जिनेन्द्र पूजन के साथ श्री नेमीनाथ पंचकल्याणक विधान के माध्यम से आध्यात्म की गंगा, भक्ति की यमुना एवं सिद्धांत की सरस्वती ऐसी पावन त्रिवेणी में सकल समाज स्नान करेगी। जिसमे बाल ब्रह्मचारणी जीनल बहन देवलाली एवं प्रज्ञा बहन दिल्ली के मंगल प्रवचनों का लाभ सकल समाज को प्राप्त होगा। जिसमे सम्मिलित होकर धर्म लाभ लेने की अपील सकल जैन समाज से मंडल एवं फेडरेशन द्वारा की गई है।

## अंतर्राष्ट्रीय टेनिस प्रतियोगिता 12 जनवरी से प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

प्लेटो क्लब छिन्दवाड़ा के तत्वाधान में दिनांक 12 जनवरी 2024 से 16 जनवरी 2024 तक इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन से मान्यता प्राप्त Master Tour 200 का आयोजन किया जा रहा है। लगभग 110 कन्फर्म एन्ट्री के साथ, जिसमें न केवल देश के सभी प्रमुख शहरों के खिलाडियों के आने की स्वीकृति हो चुकी है। प्रथम बार विदशों से भी जर्मनी, रसिया, स्पेन के खिलाडियों की भी एन्ट्री इस टूर्नामेंट में है। चैन्नई, कोचीन, मणिपुर, दिल्ली, मेरठ मुज्जफ्फर नगर, मुम्बई, पूर्वी कोलकाता, इन्दौर, नागपुर, भोपाल के खिलाड़ी एन्ट्री ले चुके है। उपरोक्त टूर्नामेंट इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार सम्पन्न कराने हेतु ITF Supervisor के रूप में जॉय मुखर्जी कोलकाता से आ रहे है। विभिन्न Age group 30+, 35, 40+, 45, 50+, 55+, 60+, 65+ की केटेगरी में Single एवं Double मैचों का आयोजन किया जाएगा।प्रथम बार भारत देश की तरफ से विदेशों में जाकर खेलने वाले खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी शहर में होगा। जो हमारे शहर के खिलाड़ियों को भी विदेशों में जाकर देश को प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

## जिला कबड्डी संघ बना जिले का सिरमौर

### रोमांचक मुकाबलों को देखने के लिए लोगों का उमड़ रहा हुजूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर जनजागरण मंच के तत्वाधान में स्थानीय दशहरा मैदान में आयोजित अखिल भारतीय ओपन कबड्डी प्रतियोगिता के दूसरे दिन बुधवार को जिला स्तर के चार क्वाटर फाइनल दो सेमीफाइनल और एक फाइनल मैच खेला गया, इस दौरान कुछ मैच बड़े ही रोमांचक रहे जिनमे अंतिम मिनटों में हार जीत का फैसला हुआ, जनजागरण मंच के सदस्य दुर्गेश नरोटे ने जानकारी देते हुए बताया की सर्वप्रथम जिला स्तर की प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मैच जिला कबड्डी संघ एव पीजी कॉलेज में मध्य खेला गया, जिसमे जिला कबड्डी संघ की टीम विजय रही, वही दूसरा सेमीफाइनल मैच फ्रेंड्स क्लब कोसमी और गौरपानी के मध्य खेला गया, जिससे फ्रेंड्स क्लब विजय रही, फाइनल मुकाबला जिला कबड्डी संघ और फ्रेंड्स क्लब के मध्य खेला गया जिसमे जिला



कबड्डी संघ ने अपने खेल का शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय श्री हासिल कर जिले की ट्राफी अपने नाम की, तत्पश्चात देर शाम अखिल भारतीय स्तर के लीग मुकाबले प्रारंभ हुए, देर रात तक टीमों के मध्य जोर आजमाइश जारी रही, अखिल भारतीय टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए देश की जानी मानी कबड्डी टीमें छिंदवाड़ा पहुंच चुकी है, साथ ही अखिल भारतीय प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर के अंपायर निर्णायक की भूमिका में रहे, प्रतियोगिता का संचालन मंच के सयोजक रमेश पोफली द्वारा किया गया, इस दौरान राजू नरोटे, सतेंद्र तिवारी गुड्डा मामा, रिंकल बेदी, अलकेश लांबा, रोहित पोफली, अंकुर शुक्ला, जी एसआर नायडू, सज्जे लाल चंद्रवंशी, अजय ठाकुर, पटवारी सर, प्रीति मार्को, रमेश कुमार, सुशील पटवा, मुकेश सोनी, डाक्टर गंगन जी, शुभांक भारद्वाज, चीकू पाल, चित्रेश बारस्कर, संजय बावने, देवचंद सूर्यवंशी, गेंदलाल विश्वकर्मा, अजय शुक्ला, गुरुदयाल शास्त्री, विवेक पोपली, सुरेंद्र विनोदे, मंगेश कपाले आदि मौजूद रहे।

## लाडली बहनों को खातों में अंतरित की राशि



हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

स्थानीय कार्यालय नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव के सभा कक्ष में प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव के उद्बोधन का सीधा प्रसारण एलईडी के माध्यम से किया गया। कुशाभाऊ ठाकरे इन्वेंशन सेंटर भोपाल में आयोजित महिला सशक्तिकरण एवं युवा ऊर्जा पर केंद्रित कार्यक्रम में आज मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा मुख्यमंत्री लाडली बहन योजना अंतर्गत प्रदेश की 1.29 करोड़ लाडली बहनों के खाते में 1576 करोड रुपए की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से उनके खातों में अंतरण की गई । उक्त कार्यक्रम का एवं मुख्यमंत्री के उद्बोधन का सीधा प्रसारण एलईडी के माध्यम से नगर पालिका के सभा कक्ष में किया गया इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती सोनिया कुमरे,अपील समिति सदस्य व पार्षद संजय जैन, सभापति राजेंद्र सूर्यवंशी श्रीमती दीप्ति कांत साहू पार्षद अमित यादव परियोजना अधिकारी सुश्री प्रेरणा मर्सकोले नगर पालिका व महिला बाल विकास के सभी अधिकारी मौजूद रहे।

### लाडली बहनों के सम्मान और सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास करेंगे : लखन



**चौरई।** 10 जनवरी दिन बुधवार,भाजपा-विधानसभा प्रभारी लखन कुमार वर्मा के मुख्य आतिथ्य मे मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना राशि प्रदाय कार्यक्रम,नगर पालिका परिषद चौरई मे संपन्न हुआ।एवं प्रदेश मे भी सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं युवा ऊर्जा पर केंद्रित मकर संक्रांति उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है श्री वर्मा ने पूर्व मे ही चौरई की लाडली बहनों के सम्मान एवं सुरक्षा के लिए प्रण भी लिया हुआ है ।आयोजन मे मुख्य अतिथि भाजपा विधानसभा प्रभारी- लखन कुमार वर्मा ,पूर्णिमा शरद जैन (अध्यक्ष),सिरपत नायक (उपाध्यक्ष), सभापति -नीलू निर्मलकर ,सुरेन्द्र सोनी, महेन्द्र वर्मा,कुलदीप ऊईके , सी एम ओ अभय राज सिंह, उपयंत्री आशिक शेख,श्रीराम चौरसिया , संजय वर्मा , पप्पू सोनी ,दिलीप वर्मा , चन्द्रभान सोनी , गोविंद दंताले , विभागीय अधिकारी समेत भाजपा कार्यकर्ता एवं नगर पालिका परिषद् के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नगर निगम आयुक्त ने दिए है कार्यवाही के निर्देश

## दुकान किराया एवं जलकर जमा न करने पर निगम ने की सख्त कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह द्वारा नगर निगम क्षेत्र के बकायादारों पर सख्ती के निर्देश दिए है। आयुक्त के निर्देश पर निगम अमला लगातार कार्यवाही कर रहा है। बुधवार को निगमायुक्त के निर्देश पर दोपहर को लोनिया करबल राजस्व निरीक्षक अमित सारवान द्वारा जलकर जमा न करने पर वार्ड क्रमांक 45 में दो नल कनेक्शन एवं जगन्नाथ जोन राजस्व निरीक्षक शेखर पटेल द्वारा वार्ड क्रमांक 19 तथा 20 में दो नल कनेक्शन विच्छेद किए गए। इस प्रकार कुल चार नल कनेक्शन काटे गए। इसके उपरांत शाम को प्रभारी कार्यपालन यंत्री भूपेंद्र मनवारे एवं



राजस्व अधिकारी साजिद खान ने दल के टीवी सेंटोरियम कॉम्प्लेक्स स्थित दुकानों पर कार्यवाही की। दल ने दुकान किराया जमा न करने पर कॉम्प्लेक्स की तीन दुकानों को ताला लगाकर सील कर दिया। इसके साथ ही अन्य दुकानदारों ने कार्यवाही शुरू होते ही 1,53,823 रुपए जमा करा दिए। आयुक्त के निर्देश पर यह कार्यवाही लगातार निगम क्षेत्र में की जा रही है। बुधवार को हुई इस कार्यवाही में दुकान शाखा प्रभारी वीरेंद्र मालवी सहित निगम के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बेघर लोगों को आश्रय स्थलों में किया जा रहा शिफ्ट

**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार शीत ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए रात्रि के समय बाहर शयन करने वाले नागरिकों के उचित व्यवस्था हेतु निर्देश दिए है। इस पर नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह द्वारा निगम क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत आने वाले 10 दिवसों में प्रतिदिन निगम का एक दल शहर के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर बेघर लोगों को निगम के आश्रय स्थलों में शिफ्ट करवा रहा है। इसके साथ ही दल द्वारा शहर के मुख्य स्थलों में अलाव की व्यवस्था की जा रही है। इस दौरान जोनल अधिकारी ब्रजेश पांडे, एनयूएलएम सिटी मैनेजर उमेश पयासी एवं शेखर पटेल लगातार भ्रमण का रहे है। वहीं कुलबहारा नदी के पास स्थित पानी की मुख्य लाइन पर एक भवन स्वामी द्वारा बाउंड्री बनाई जा रही थी, इस दौरान निगम के जोन अधिकारी विवेक चौहान द्वारा स्थल पर पहुंच कर कार्य को रूकवाया गया। इसके साथ ही दीवार को हटाने के निर्देश दिए। इस पर भवन स्वामी द्वारा तत्काल इसे हटाया गया।

### प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जगदेव मातेश्वरी मंदिर पर होगा भव्य कार्यक्रम

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए घर-घर अक्षत से दिए निमंत्रण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

अमरवाड़ा प्रभु श्रीराम के प्रति लोगों का स्नेह हर जगह दिख रहा है। कोई अक्षत बांट रहा है तो कोई अयोध्या मंदिर का कार्ड छपवा कर मंदिर पहुंचने का निमंत्रण दे रहा है। कई लोग तो घर-घर दीप पहुंचाने की तैयारी में है। साथ ही राम मंदिर का मॉडल भी बांटे जा रहे हैं। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अयोध्या के द्वारा प्रदत्त अक्षत जो की नवनिर्मित भव्य मंदिर में श्री रामलला मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर का आमंत्रण दिया गया अमरवाड़ा के धर्म प्रेमी बंधुओ के द्वारा नगर में घर-घर जाकर अक्षत श्री राम लला का चित्र और पत्रक देकर निमंत्रण दिया गया तथा आह्वान किया गया की 22 तारीख को 11:00 बजे श्री मातेश्वरी मंदिर जगत देव अमरवाड़ा में एकत्रित होकर भजन पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित कर सकते हैं सीधा प्रसारण अयोध्या से लाइव मातेश्वरी जगदेव मंदिर पर दिखाया जाएगा। जहां दीप प्रचलित किए जाएंगे रंगोली सेबी मंदिर को सजाया जाएगा जिसकी तैयारी में धर्म प्रेमी राम भक्त अभी से तैयारी में जुट गए हैं।

## वन विभाग कर रहा है अनुभूति कार्यक्रम

**सौंसर।** वन परिक्षेत्र सौंसर (सा.) अंतर्गत वाघ्यानाला जलाशय पर मध्यप्रदेश ईको पर्यटन बोर्ड एवं म.प्र. वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।आयोजन एल.के. वासनिक वनमंडलाधिकारी महोदय के मार्गदर्शन ओर प्रमोद चोपड़े उपवनमंडलाधिकारी सौंसर के निर्देशन में किया गया, आयोजन में शासकीय स्कूल खाण्डसिवनी, उत्कृष्ट विद्यालय सौसर, शासकीय कन्या स्कूल सौसर, शासकीय स्कूल गोहटान, सौंसर के विद्यालयों के लगभग 120 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना से किया गया, कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने प्रातः नेचर ट्रेल विचरण एवं वन भ्रमण किया, जिसमें बच्चों को वन, वन्यजीव संरक्षण, पारिस्थितिकी, पर्यावरण एवं ईको पर्यटन की समझ विकसित करने का प्रयास किया गया। बच्चों को जंगल के अंदर ट्रेकिंग, पक्षी दर्शन, वन्यप्राणियों, पेड़-पौधों की पहचान, एवं महत्व को मास्टर ट्रेनर जे.पी. शिवहरे ने बताया गया। क्विज प्रतियोगिता, अनुभूति कार्यक्रम से संबंधित तात्कालिक पत्र लेखन एवं प्रश्नमंच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र अधिकारी शिवशंकर चतुर्वेदी,वन अधिकारीसिरपत पटवारी दादाजी भकने, असलम खान इन्द्रपालसिंह कुडापे, आदि थे।

## द्वितीय सोपान स्काउट गाइड शिविर में हो रहे हैं हर दिन कार्यक्रम

**सौंसर।** बुधवार को नगर के अन्नाभाऊ साठे मंगल भवन में चल रहे द्वितीय सौपान स्काउट गाइड शिविर के तृतीय दिवस विभिन्न कार्यक्रम संपन्न हुए। इस दौरान पूर्व राज्य अध्यक्ष भारत स्काउट एवं गाइड मध्य प्रदेश नाना मोहड़ ने



कैंप में उपस्थित हुए तथा सभी स्काउट गाइड से मिलकर उन्हें स्काउट गाइड का महत्व समझाया। पूर्व राज्य मंत्री श्री मोहड़ ने स्काउट गाइड को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट गाइड शिविर हमें एक अच्छा सुयोग्य नागरिक बनाने में प्रेरित करता है। हमें स्काउटिंग से प्रेरणा लेकर परोपकार की भावना अपने मन में जगाना चाहिए। इसके पूर्व द्वितीय दिवस पर कैम्प फायर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक विजय चोरे के कैंप फायर का विधिवत उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात स्काउट गाइड द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। बच्चों को संबोधित करते हुए विधायक विजय चौरे ने कहा कि यहां उपस्थित सभी छात्र एक पोशाक में नजर आ रहे हैं जिसमें किसी की कोई जाति नहीं किसी का मजहब नहीं किंतु सब स्काउट गाइड है। यही हमारी अनेकता में एकता की पहचान है। स्काउट गाइड द्वारा छात्रों का सर्वांगीण विकास तो होता है।आयोजन में डीओसी नरेंद्र शर्मा द्वारा स्कार्प वागल लगाकर स्वागत किया। ब्लॉक सचिव राजेंद्र सरवरे द्वारा कैंप का उद्देश्य बताया। सहायक शिविर संचालक अजय धुर्वे, नकुल खापरे,बाबा खान, ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर छाया भादे, वैशाली ठाकरे, पदमा धमदर, राठौर मैडम, किशोर चौधरी,दिलीप वाठ, राजेंद्र सोनीनकुल खापरे बाबा खान, किशोर चौधरी, अंजुम राजपूत भीमराव भट्टी विजय घुघुसकर, विश्वनाथ इरपाची आदि थे।

# ईव्हीएम हटाने भारत मुक्ति मोर्चा ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

भारत मुक्ति मोर्चा की ओर से बुधवार को पांढुर्णा कलेक्टर कार्यालय में पहुंचकर विभिन्न मांगों ओर ईवीएम के विरोध में चरण बध आंदोलन के तहत महामहिम राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया।ज्ञापन में भारत मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने बताया कि लंबे समय से संगठन के माध्यम से एवं पर बैन करने की मांग को लेकर चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहे। इसी श्रृंखला में फिर से ज्ञापन सोपा गया है। आरटीआई के द्वारा 20 लाख ईवीएम मशीनों की मिसिंग का मामला- 18. ईवीएम को पेटेंट ना होना इसका मतलब ईवीएम पर विश्वास कैसे किया जा सकता है। आदि मुद्दों को लेकर घोषित चरणबद्ध आंदोलन के प्रथम चरण में 05 जनवरी, 2024 को 567 जिलों के जिला मुख्यालय से महामहिम राष्ट्रपति को यह ज्ञापन प्रेषित किया है। दूसरे चरण के अंतर्गत 10 जनवरी को राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत ईव्हीएम मशीन को हटाकर बैलेट पेपर से चुनाव की मांग को लेकर ज्ञापन सोपा गया है।जी एम दुफारे,सैफ अली प्रदीप सोमकुवर,महादेव गोडबोले, देवदास परतेतीअरुण कुमार,डॉ ठाकरे आदि थे।

## फाइनेंशियल एजुकेशन फॉर यूथ' पर कॉलेज में हुआ सेमिनार



**सौंसर।** शासकीय महाविद्यालय सौंसर में बुधवार को अर्थशास्त्र विभाग के अंतर्गत 'फाइनेंशियल एजुकेशन फॉर यूथ' विषय पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. विनीत कुमार वर्मा,उपस्थित थे। आयोजन के दौरान डॉ शर्मा के द्वारा जिन्होंने एनआई एस एम द्वारा संचालित फाइनेंशियल एजुकेशन, और रिटेल मार्केट की जानकारी दी। डॉ. वर्मा ने चार सेशन में निवेश का महत्व, वित्तीय निवेश के अवसर, प्रतिभूति बाज़ारों में निवेश करने की प्रक्रिया और पूर्वापेक्षाएँ, प्राथमिक बाज़ारों में निवेश को बहुत ही रोचकपूर्ण तरीके से समझाया।कार्यक्रम का संचालन सहा.प्रा. इंदु तांडेकर ने किया, कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. बी. आर. सिंगोतिया विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र ने की।आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में महाविद्यालय छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# जिले भर में मातृ-पितृ पूजन दिवस की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



आशाराम बापू की पावन प्रेरणा से विश्व भर के 167 देशों में मनाए जाने वाला ₹मातृ-पितृ पूजन दिवस₹ की शुरुआत जिले भर में जारी है । बच्चों में , युवाओं में , विद्यार्थियों में अच्छे संस्कारों का सिंचन हों , माता पिता के प्रति पूज्य भाव प्रकट हो ; इस निमित्त यह आयोजन प्रतिवर्ष सम्पन्न कराए जातें हैं । श्री योग वेदांत सेवा समिति ने ब्लॉक स्तर की सभी कार्यरत समितियों की जिम्मेदारी सुनिश्चित कर दी है । साधकगण स्थानीय भागवत कथा और स्कूलों में जा-जाकर कार्यक्रम आयोजित करवा रहें हैं। हाल ही में ग्राम मोआदई के आसपास के सैकड़ों ग्रामों के लोगों को भागवत कथा में जोड़कर एवं अन्य ग्रामों में जहाँ भागवत कथा सम्पन्न हो रही हैं , आसपास के ग्रामीणों को एकत्रित कर यह आयोजन सम्पन्न कराए जा रहें हैं । इस सम्बंध में महामहिम राष्ट्रपति जी , प्रधानमंत्री जी एवं माननीय मुख्यमंत्री (म.प्र.) पहले ही आदेश जारी कर चुके हैं । मुख्य आयोजन 14 फरवरी को सम्पन्न होगा । इस कार्यक्रम की सर्व प्रथम शुरुआत भगवान श्री गणेश जी ने स्वयं के माता-पिता का वैदिक रूप से पूजा अर्चना कर की थी । जिससे वो देवताओं में प्रथम पूज्यनीय हो गए । पूज्य बापूजी भी यही चाहते हैं कि सम्पूर्ण विश्व के बच्चे , युवा , विद्यार्थी सब अपने अपने माता-पिता का पूजन कर भगवान गणेश जी जैसा बन जायें । समिति का प्रयास रहेगा कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी जिले में 7 लाख और देशभर में करोड़ों माता-पिता पूजे जाएं जिसकी व्यापक स्तर पर तैयार प्रारम्भ कर दी गई है । इस दैवीय कार्य में समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई , खजरी आश्रम के संचालक जयराम भाई , गुरुकुल की संचालक दर्शना खट्टर , युवा सेवा संघ के अध्यक्ष दीपक डोईफोड़े , विशाल चवुत्रे , सुजीत सूर्यवंशी , ओमप्रकाश डहेरिया ,सुभाष इंग्ले कैलाश राउत महिला समिति से सुमन डोईफोड़े , विमल शेरके , छाया सूर्यवंशी , पूनम मक्कड़ , डॉ. मीरा पराड़कर , करूणेश पाल , शकुंतला कराड़े , आदि अपनी- अपनी सेवाएं दे रही हैं ।

## मेंहदीवाड़ा में मध्यस्थता जागरूकता शिविर सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

जनपद पंचायतव वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत मेंहदीवाड़ा में प्रथम अपर जिला न्यायाधीश सुधीरसिंह ठाकुर की अध्यक्षता में मध्यस्थता जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित ग्रामवासियों को मध्यस्थता प्रक्रिया के द्वारा विभिन्न प्रकार के वादों के निराकरण किये जाने के विषय में लोगों का जागरूक किया गया। मध्यस्थ न्यायाधीश द्वारा उपस्थित जनसमुदाय को बताया गया कि मीडिएशन के माध्यम से विभिन्न प्रकार के आपसी विवादों को बातचीत के द्वारा सुलह समझौते से निस्तारित किए जा सकते हैं। व्यावसायिक वादों में भी मध्यस्थता के माध्यम से वाद विवादों का निष्पादन सुगमता से किया जा सकता है। छोटे-मोटे व्यावसायिक विवाद सुलह समझौते से तहसील विधिक सेवा समिति में मध्यस्थ न्यायाधीश के माध्यम से निस्तारित किये जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त दीवानी वाद, सम्पत्ति वाद एवं वैवाहिक वाद आदि को भी आपसी सुलह समझौते के आधार पर सुगमतापूर्वक निपटाए जा सकते हैं। मध्यस्थ न्यायाधीश द्वारा उपस्थित लोगों को सलाह दी गई कि इस प्रकार के वाद यदि न्यायालय में लंबित हैं, तो मिल बैठकर दोनों पक्ष सुलह का रास्ता तय कर सकते हैं। मध्यस्थता में किसी भी पक्ष की हार नहीं होती है और कोर्ट कचहरी के झंझट से मुक्ति मिल जाती है। शिविर में लगभग 30-35 ग्रामीणजन उपस्थित रहे। विधिक जागरूकता शिविर में ग्राम पंचायत मेंहदीवाड़ा सरपंच श्रीमती अंजनी तामेश्वर, सचिव युवराज बिसेन, सहसचिव सावन लाल गवने सहित लगभग 30-35 उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों को मोबाईल में नमो एप डाऊनलोड करने की दी सलाह

### महाविद्यालय में 2024 विकसित भारत एवं नमो एप जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** शासकीय शंकरसाव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में 10 जनवरी 2024 को 2024 विकसित भारत एवं नमो एप जागरूकता कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 प्रवीण कुमार श्रीवास्तव एवं कार्यक्रम सहभागी प्रफुल्ल बिसेन अध्यक्ष जनभागीदारी समिति शासकीय महाविद्यालय वारासिवनी के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पराग राणा प्रभारी नमो एप जिला बालाघाट, समीर बिसेन नगर महामंत्री भाजपा वारासिवनी, प्रणय वासनिक एस0 सी0 मोर्चा महामंत्री वारासिवनी तथा महाविद्यालय की ओर से एस0 डी0 तिरपुड़े विधि विभागाध्यक्ष, डॉ0 हेमन्त कुमार मण्डाले प्रभारी एन0सी0सी0, सुनील चौरे विधि, एन0सी0सी0, एन0एस0एस0 तथा विधि के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**नमो एप के माध्यम से प्रधानमंत्री के समक्ष सीधे रख सकते हैं समस्याएंः** पराग राणा द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाये जा रहे विकसित भारत अभियान में पंजीयन कराने एवं 2047 तक विकसित भारत बनाने अपने अभिमत देने हेतु प्रेरित किया साथ ही नमो एप प्रत्येक छात्र-छात्राओं को तत्काल मोबाइल में डाउनलोड कराकर नमो एप के बारे में बताया कि आप अपने मन की बात और अन्य समस्याओं संबंधी मुद्दों को सीधे प्रधानमंत्री के समक्ष रख सकते हैं। नमो एप आपको परीक्षा से संबंधित तथा देश-विदेश से संबंधित जानकारियां उपलब्ध कराता है।

समीर बिसेन द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य भारत को ऐसा आत्मनिर्भर देश बनाया जाये। जहॉ प्रत्येक व्यक्ति खुद पर आश्रित हो एवं दुनिया के किसी देश पर निर्भर न होना पड़े।

### विकसित भारत के निर्माण में योगदान दे-प्रफुल्ल बिसेन

जनभागीदारी समिति अध्यक्ष प्रफुल्ल बिसेन द्वारा बताया गया कि प्रत्येक छात्र-छात्राएं विकसित भारत 2047 हेतु अपने अभिमत विभिन्न क्षेत्रों स्वास्थ्य, शिक्षा, ऊर्जा, पर्यावरण, तकनीकी आदि विषय पर रखे, ताकि आने वाले समय में विकसित भारत का निर्माण हो सके। कार्यक्रम का सफल संचालन एन0 एस0 एस0 प्रभारी द्वारा किया गया एवं समस्त अतिथियों एवं छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## यात्रा का मकसद शासकीय योजनाओं का लाभ लेने से कोई पात्र व्यक्ति ना छूटे- सांसद ड़ॉ. बिसेन

**बालाघाट।** बालाघाट जनपद में 17 दिसम्बर से प्रारम्भ हुई विकसित संकल्प भारत यात्रा मंगलवार को भरवेली पहुँची। यहां क्षेत्रीय सांसद ड़ॉ.ढाल सिंह बिसेन भी शामिल हुए। उन्होंने यात्रा में शामिल हुए वरिष्ठ नागरिक बीडी पाठक का मंच से फूलमाला से उनका स्वागत किया। इस दौरान सांसद ड़ॉ. बिसेन ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस यात्रा का मकसद समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासकीय योजनाओं का लाभ पहुँचाना है। साथ ही योजनाओं का लाभ लेने से छुटे पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ देकर विकसित भारत के संकल्प में शामिल करना है। वहीं भारत शासन द्वारा पीएम आवास, जल जीवन मिशन, पीएम सड़क, पीएम उज्जवला आदि योजनाएं संचालित की गई है। इन योजनाओं के लिये किस तरह की पात्रताएं निर्धारित की गई है आदि की जानकारी यात्रा के माध्यम से आम लोगों तक पहुंचाने का भी लक्ष्य है। साथ ही भारत शासन की यह चिंता है कि 2047 तक देश के हर व्यक्ति तक सुविधा पहुंचे ताकि देश सुविधायुक्त होकर सुखी व सम्पन्न होकर शक्तिशाली बने। सांसद डॉ. बिसेन ने भारत शासन की योजनाओं के बारे में विस्तार से बतलाया। गत दिवस सोमवार को क्षेत्रीय सांसद डॉ. बिसेन बैहर जनपद के लातरी व पातरी पहुंचकर यात्रा में शामिल हुये। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष शंकर बिसेन, सरपंच पप्पु गौतम, नायब तहसीलदार वंदना खुसराम, सचिन किशोर सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे। विकसित संकल्प भारत यात्रा के दौरान आयुष व स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित किये गए स्वास्थ्य शिविर में आम नागरिकों के स्वास्थ्य परीक्षण भी किये जा रहे है। साथ ही मौसमी बीमारियों से बचाव के लिये आवश्यक सुझाव के साथ ही उपचार भी किया जा रहा है। शिविर के दौरान 71 वर्षीय छोटेलाल ने अपने बीपी और सुगर की भी जांच कराई।

### कटंगी में थाना प्रभारी के साथ यूनियन पदाधिकारियों की हुई बैठक

**कटंगी।** केन्द्र सरकार के द्वारा लाए गए हिट एंड रन कानून संशोधन के विरोध में एक बार फिर से वाहन चालक सड़क पर उतरकर हड़ताल करने की तैयारी में है. दरअसल, बीते दिनों गृह मंत्रालय की ओर से साफ किया गया है कि नए प्रावधानों को लागू नहीं किया गया है. इन्हें ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के साथ मंथन के बाद ही लागू किया जाएगा लेकिन इस पर अब तक पूर्ण रुप से सहमति नहीं बनी है जिसके चलते मध्य प्रदेश में गुरूवार से वाहन चालकों की हड़ताल की खबरें सामने आ रही है. इस बीच बुधवार को कटंगी ड्राइवर मालिक यूनियन के पदाधिकारियों ने थाना प्रभारी जयंत मर्सकोले से चर्चा की और हड़ताल के संबंध में जानकारी दी. हालांकि पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश स्तर से निर्णय के बाद ही हड़ताल शुरू की जाएगी. वहीं बैठक के दौरान थाना प्रभारी ने हड़ताल ना करने की समझाईश दी. उन्होंने चालकों से कहा कि हड़ताल से आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है.

### 20 बोरी में महुआ लाहन पुलिस ने जब्त कर किया नष्ट

**लांजी।** मदिरा का अवैध रुप से निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय कर रहे लोगों के विरुद्ध कार्यवाही निरंतर जारी है। इसी कड़ी में लांजी थानांतर्गत काशीनाला के जंगल में अवैध रूप से अवैध महुआ शराब बनाने की जानकारी लांजी नगर निरीक्षक दिनेश सोलंकी को मिली। सूचना पर तस्दीकी कार्रवाई के लिए थाना प्रभारी द्वारा पुलिस दल रवाना किया गया, जहां मुखबिर के बताए स्थान पर घेराबंदी कर छापामार कार्रवाई की गई। जहां पर आरोपी अपने भाई और बहु के साथ मिलकर अवैध रूप से जंगल के बीच कच्ची शराब बना रहे थे। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम देवेश हरिनखेड़े उम्र 40 वर्ष पिता बालचंद हरिनखेड़े निवासी काशीटोला, भाई दिनेश हरिनखेड़े, बहु माधुरी हरिनखेड़े बताया। मौका स्थल से आरोपी का भाई और बहु भाग निकले लेकिन देवेश हरिनखेड़े को पुलिस ने धर दबोचा।

## ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर मलेरिया से सुरक्षा के दिये जा रहे संदेश



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** जिला मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी तथा जिला मलेरिया अधिकारी के निर्देशन में वेक्टर जनित बीमारियों के उन्मूलन हेतु बालाघाट जिले में फैमिली हेल्थ इंडिया एवं गोदरेज के सहयोग से एंबेड परियोजना का क्रियान्वयन बालाघाट जिले के 7 विकासखंडों के कुल 173 गांव में किया जा रहा है। बालाघाट जिले में एंबेड परियोजना का क्रियान्वयन मलेरिया प्रभावित गांवों में जन जागरूकता के लिए समय, समय पर अलग-अलग प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है प्रतिमाह गांव के आंगनबाड़ी केंद्रों पर होने वाले पोषण एवं स्वास्थ्य दिवस की जानकारी परियोजनाकार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर दी जाती है, पोषण एवं स्वास्थ्य दिवस के दौरान 5 वर्ष तक के बच्चों में टीकाकरण ,गर्भवती माता की स्वास्थ्य जांच एवं टीके तथा गांव के बीमार लोगों का स्वास्थ्य जांच कर दवाइयां दी जाती है एवं साथ ही स्वास्थ्य सलाह एवं जानकारी जानकारियां दी जाती है, इसी दौरान एंबेड परियोजना कार्यकर्ताओं के द्वारा ग्राम की उपस्थिति महिला एवं पुरुषों को सुझाव के समय सुरक्षा के संसाधनों जैसे मच्छरदानी का उपयोग एवं प्रबंधन तथा मच्छर रोधी उत्पादकों के उपयोग पर समझ बनाने हेतु संसाधनों का प्रदर्शन करके बताया जाता है ताकि उनके उपयोग पर सामुदायिक जागरूकता बढ़ाई जा सकें, इसके साथ ही साथ यह भी सुझाव दिया जाता है गांव में सभी लोग अपने-अपने घरों के आसपास कहीं पर भी पानी जमा न होने दें घर में उपयोग होने वाले पानी को ढंक कर रखें जिस पानी को ढांक नहीं सकते उसे सप्ताह में एक बार पूरा खाली करें एवं साफ करें फिर पानी भर दें जिस पानी को ढांक नहीं सकते न उसे खाली कर सकते है उसमें सप्ताह में एक बार जला हुआ इंजन आयल या मिट्टी का तेल डालते रहें ऐसा करने से मच्छरों की पैदाइश को रोकी जा सकेगी सुबह-शाम अपने-अपने घरों में नीम की पत्ती एवं कंडे का धुंआ करें या किसी एक मच्छर रोधी उत्पाद का उपयोग करें रात में सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें घर में किसी भी सदस्य को बुखार होने पर 24 घंटे के अंदर सबसे पहले खून की जांच आशा कार्यकर्ता या नजदीकि स्वाथ्य केंद्र पर जा कर कराएं एवं मलेरिया की पुष्टि होने पर उपचार की पूरी दवा का सेवन करें।

### जन-मन योजना में अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने में जुटे विभाग

**बालाघाट।** प्रधानमंत्री जन-मन योजना के अंतर्गत विशेष पिछड़ी जाति के नागरिकों को पात्रता अनुसार हर योजना का लाभ देने का कार्य मिशन के रूप में जारी है। इसके लिये विभागों द्वारा शिविर लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के साथ ही उनकी बेसिक दस्तावेज बनाने का कार्य भी जोरो पर है। मंगलवार को केंद्रीय सहकारिता मर्यादित बैंक द्वारा बिरसा व परसवाड़ा क्षेत्र में किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड प्रदान किए। इस दौरान परसवाड़ा के कुरवाहीं में किसान कुंवर जीवन सिंह व बिरसा में जमुनिया के चतुर पिता समारूसिंह ने पहली बार किसान क्रेडिट कार्ड प्राप्त किया। इस किसान क्रेडिट कार्ड से अब इन जैसे कई किसान खाद बीज के अलावा जीरो प्रतिशत ब्याज दर पर 3 लाख रुपये तक का लोन भी प्राप्त कर सकते है।

### एकलव्य आदर्श आवासीय, विद्यालय और महाविद्यालय की बालिकाओं से हुए रूबरू

## आदर्श पॉलीटेकनिक महाविद्यालय खोले जाएंगेः मंत्री ड़ॉ. शाह



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री ड़ॉ. विजय शाह बुधवार को बैहर के एक दिवसीय भ्रमण पर आदिवासी महाविद्यालय छात्रावास की बालिकाओं और एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने आवासीय परिसर में शासन द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के सम्बंध में जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने जनजातीय वर्ग के लिए शासन द्वारा आने वाले समय मे मिलने वाली सुविधाओं के सम्बंध में सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आदर्श पॉलीटेकनिक महाविद्यालय निर्मित किये जायेंगे। जिसमें 80 प्रतिशत जनजातीय विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। इसी में एससी व पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को भी पढ़ने का अवसर मिलेगा। इसके लिए पॉलीटेकनिक महविद्यालय के अधिकारी को प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए है। जनजातीय मंत्री ड़ॉ. शाह एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पहुँचे तो उन्होंने चार मंजिला भवन देखकर लिफ्ट की जानकारी ली। बताया गया कि लिफ्ट के लिए स्थान खाली रखा गया है मगर लिफ्ट नही लगाई गई। उन्होंने तुरंत निर्माण शाखा भोपाल को अवगत कराया। साथ ही विभागीय अधिकारियों को 15-15 एकड़ में स्टेडियम बनाने के प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए है। उन्होंने विशेष तरह के विद्यालयों में सफाई कर्मियों की भर्ती करने के भी निर्देश दिए है। इसके अलावा उन्होंने महाविद्यालयीन व हायर सेकेंडरी की बालिकाओं से कहा मंडला में पॉलीटेकनिक खोला गया है। हाई स्कूल पास होने के बाद प्रवेश लिया जा सकता हैं। विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए पॉलीटेकनिक के दल को बुलाकर प्रवेश और अवसर तथा सीटों के बारे में कार्यशाला कर प्रवेश के लिए प्रेरित करें। जनजातीय मंत्री ड़ॉ. शाह ने एकलव्य परिसर में पौधरोपण भी किया। इस दौरान एडीएम श्री ओपी सनोडिया, जनजाति कार्य विभाग के उपायुक्त श्री जेपी सरवटे व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

### ट्रक बाइक सवारों को रौंदते हुए निकल गया, एक की मौके पर मौत; दूसरा जबलपुर रेफर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी में ट्रक और बाइक सवारों में टक्कर हो गई। ट्रक बाइक सवारों को रौंदते हुए निकल गया। हादसे में एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे को लखनादौन के स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। घायल की हालत देखकर प्राथमिक उपचार करके जबलपुर के नेता जी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया है। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस हादसे की जांच पड़ताल कर रही है।

# आठ हजार रुपये की रिश्वत लेते पकड़ाया पटवारी

**दो भाई के बीच जमीन का बटवारा आदेश जारी कराने के लिए आठ हजार रुपये की रिश्वत लेने के मामले में पटवारी को जबलपुर लोकायुक्त दल ने पकड़ा है।**



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** बुधवार को शहर के पीडब्ल्यूडी विभाग के विश्रामगृह में पटवारी शुभव राय के नाम से महेश कुमार राय ने रिश्वत की राशि ली। दोनों से लोकायुक्त दल ने पूछताछ की है। इस मामले में दल द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है। पीड़ित कृष्ण कुमार डहेरिया ने बताया है कि उसके व भाई के नाम से दर्ज 3.50 एकड़ जमीन का बटवारा कराने के लिए वह छह माह से परेशान हो रहा था। आवेदन करने के बाद भी हल्का नंबर 48 बगलई, हल्का नंबर 49 समनापुर का पटवारी शुभव राय बार-बार चक्कर कटवा रहा था। पटवारी से परेशान होकर उसने सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी इस मामले सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित ने बताया है कि उसने एक जून 2023 को उसने तहसील कार्यालय में भी शिकायत की थी लेकिन किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। कृष्ण कुमार डहेरिया ने बताया है कि पटवारी ने उसे फोन कर मिलने के लिए बोला था। इसके बाद वह घर आया था। साथ ही कहा था कि यदि काम कराना है तो 10 हजार रुपये देने पेड़ेगे नहीं तो सालों चक्कर काटने पड़ेगे। इस बात पर पीड़ित ने पटवारी को 8 हजार रुपये देने की बात कही थी। साथ ही 10 जनवरी को रिश्वत के रुपये देने के लिए कहा था। इस मामले में कार्रवाई करने लोकायुक्त टीम के साथ पहुंची दल प्रभारी मंजू किरन तिरकी ने बताया है कि पीड़ित कृष्ण कुमार डहेरिया ने नौ जनवरी मंगलवार को पटवारी शुभम डहेरिया के विरुद्ध जमीन का बटवारा करने के नाम पर रिश्वत लेने की शिकायत की थी। शिकायत मिलने के बाद मंगलवार को ही सत्यापन कराने के बाद रिकार्डिंग कराई गई।वहीं योजना के अनुसार बुधवार को पटवारी को रिश्वत लेते हुए पकड़ने की योजना बनाई गई। पीडब्ल्यूडी विभाग के विश्रामगृह में पटवारी के कहने पर उसके साथी समनापुर गांव निवासी महेश कुमार राय नामक व्यक्ति ने पीड़ित कृष्ण कुमार डहेरिया से रिश्वत के आठ हजार रुपये लिए। इस पर पटवारी व उसके साथी को लोकायुक्त दल ने पकड़ लिया। इस कार्रवाई के दौरान लोकायुक्त जबलपुर निरीक्षक मंजू किरण, निरीक्षक नरेश बेहरा, आरक्षक अमित मंडल, अतुल श्रीवास्तव, विजय विष्ट, दिनेश दुबे, राकेश आदि शामिल रहे।

## डॉक्टर के अभाव में मायूस लौट रहे मरीज

# विकसित भारत यात्रा को चैलेंज करती धूमा स्वास्थ विभाग की लचर व्यवस्था

**डॉक्टर, प्रकाश, पानी को तरसते मरीज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सिवनी।

सिवनी जिले के धूमा उपनगर में इन दिनों धूमा उप स्वास्थ्य केंद्र भगवान भरोसे चल रहा है जहा पर ड्यूटी डाक्टर के न होने से स्वास्थ सेवा चर मराई हुई है, बता दे कि बिगत तीन माह से डॉक्टर जैन साहब जॉइनिंग लेकर छुट्टी काआवेदन लगाकर अपने काम पर व्यस्त हो चुके हैं लेकिन धूमा उप स्वास्थ्य केंद्र की सुध लेने वाला कोई नहीं।

### जिंदा मरीज की क्या मृत शरीर को भी नही मिलती सुविधा

धूमा उप धूमा स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत तकरीबन 120 से 130 गांव आते हैं लेकिन स्वास्थ सुविधा तरीके से मुहैया नहीं होने से लोगों को लखनादौन सिवनी का रास्ता देखना पड़ता है जैसे धूमा अस्पताल में करीब कई साल से पीने नही है वाटर फिल्टर लगा होने के बाबजूद पानी नहीं है डिलीवरी होने वाली महिलाओं को पानी के लिए वाटर सप्लाई के एक छोटे से गड्ढे से पानी लेकर आना पड़ता है महिलाएं वहीं दूसरी और उप स्वास्थ्य केंद्र धूमा में टॉयलेट भी देखा जाए तो सफाई नाम की बिल्कुल भी कोई चीज नहीं है बिजली संबंधित बात की जाए तो तकरीबन कुछ कमरों में महीनों से लाइट बंद पड़ी हुई है तो कही बल्फ फ्यूज होने से लाइट वंद पड़ी है जबकि मध्य प्रदेश सरकार ने एक बड़ा जनरेटर धूमा उप स्वास्थ्य केंद्र मे सोभा की सुपारी बना हुआ है लेकिन वह भी कचरे के सामान बाहर वंद रखा हुआ है यदि रात में डिलीवरी आती है तो बिना लाइट के मजबूरी मे डिलीवरी करना भी एक





चैलेंज है क्योंकि लाइट गोल होने के बाद जनरेटर से लाइट लेना असंभव है हम बात कर रहे है स्वास्थ केंद्र धूमा कि जहाँ जिंदा क्या दुर्घटनाओ मै मरीजो को बाहर का रास्ता दिखाना पड़ता है बही मृत व्यक्ति को भी शव परीक्षण के लिए धूमा से लखनादोंन ले जाना पड़ता है पिछली बड़ी बड़ी दुर्घटनाओं में मृत व्यक्तिओ के परिजनों को शव परीक्षण के लिए इस ठिठुरन भरी ठंड में मजबूंरन लखनादोंन जाना पड़ा यदि स्टाफ को भी देखा जाए तो जब अस्पताल में राजा ही नहीं रहेगा तो फौज किससे डरेगी ऐसा ही मामला धूमा स्वास्थ केन्द्र का है जिस और जनप्रतिनिधिओ के ध्यान देने की जरूरत है

### महीनों से नादरद् है ड्यूटी डाक्टर साहब

बताया जा रहा है कि धूमा स्थित स्वास्थ केंद्र में पिछले कई महीनों से डाक्टर नही है जिसकी जानकारी जिला स्वास्थ अधिकारि ठाकुर एवम ब्लाक मेडिकल आफिसर सेहलाम को दी गई है परंतु आज दिनांक तक किसी भी प्रकार का कोई सुधार नही किया गया जब डॉक्टर साहब नहीं रहेंगे तो स्टाफ को भी डर नाम का कोई धौंस नहीं रहेगा कि हमें ड्यूटी पर जाना है या नहीं क्योंकि कोई बोलने वाला नहीं है।

### जिला ठेकेदार के कर्मचारियों की मोनो पल्ली

स्थानीय प्रेस प्रतिनिधि ने जाकर जानकारी ली तो पता चला की ठेकेदार साहब सिवनी अस्पताल की साफ सफाई का जिम्मा पूरे जिले मे लिए बैठे हैं जिले के वरिष्ठ अधिकारियों की जुगलबंधि से ठेकेदारी का भुक्तांन बड़ी आसानी से हो जाता हैं और अधिकारी का कमीशन भी घर बेठे पहुँच जाता होगा तभी तो अधिकारी खुश और जनता परेशनियाँ उठा रही हैं। जिले के कलेक्टर महोदय को इस और ध्यान देने की जरूरत है इन दिनों मध्य प्रदेश में संकल्प विकास यात्रा निकाली जा रही है अभी 2 दिन पूर्व में संकल्प विकास यात्रा धूमा मे रुकी हुई थी लेकिन किसी ने यह नहीं देखा कि हमारे क्षेत्र स्वास्थ्य सुविधाएं कैसी है जबकि सत्ता पक्ष के सभी नेताओं से यह वात छिपी नही है सिवनी मंडला लोकसभा क्षेत्र के सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते को चार से पांच बार जनता ने पुर जोर जिताकर दिल्ली भेजा फिर भी स्थति यथावत बनी हुई है। क्योंकि अनेकों प्रकार की दवाइयां मरीजों को उपलब्ध नहीं हो पाती हैं देखा है कि खबर प्रकाशन के वाद स्थानीय सांसद क्या प्रतिक्रिया देते हैं चाहे वह डिलीवरी से संबंधित हो या अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं से हो यदि महिला को धूमा उप स्वास्थ्य केंद्र पर डिलीवरी करना है तो यदि इंजेक्शन का डोज देना है तो बाहर का रास्ता नापना पड़ता है धूमा मे स्वास्थ केन्द्र एक सभा की सुपारी बना हुआ है जो कि खुद अधुरी व लचर स्वास्थ्य सुविधाओं परिपूर्ण खुद उत्तम ईलाज का इंतजार करते देखा जा सकता हैं स्वास्थ्य सुविधाएं जब तक सुचारू रूप से नहीं चलेंगे तब तक समाचार संबंधित अधिकारियों के खिलाफ धूमा नगर के स्थानीय जन सहित स्थानीय प्रेस प्रतिनिधियो ने जंग छेड़ दी है बही स्थानीय नागरिकों ने भी जिले के वरिष्ठ अधिकारीओ को समय रहते कुम्भकर्णय नीद से जागने को कहा है ।



# खाद तेल के व्यापार में धोखाधड़ी धोखेबाज तेल सहित पुलिस गिरफ्त में

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** वर्तमान समय में यह देखा जा रहा है कि बाहरी व्यक्तियों व्दारा शहर में आकर शहर के व्यापारीगणों से व्यापार के नाम पर अपना विश्वास बनाया जाता है। बाद में विश्वास का लाभ उठाकर व्यापरियो से धोखाधडी की जा रही है, इसी प्रकार से दिनांक 4 जनवरी 2024 को शुभम सेवलानी एवं अन्य 4 व्यापारियों व्दारा कोतवाली में सूचना दिया कि मंगलीपेठ स्थित गूंगासेठ मुर्रा वाले के बाजू में राज इंटरप्राईजेस नाम से उत्तरप्रदेश के रहने वाले तीन लोग मनोज प्रजापति, कुलदीप प्रजापति एवं राजू प्रजापति ने तेल एवं शक्कर का व्यापार करने के लिये मकान किराये पर लेकर दुकान खोली और इन लोगो से पहले नगदी में तेल खरीदा तथा बाद में मोबाईल पर तेल खरीदने का आर्डर कर चैक से भुगतान करने लगे। ऐसा करते हुये उक्त धोखेबाजों व्दारा एकता इंटरप्राईजेस, सुधा श्रीट्रेडर्स, आर.एच. सालवेक्स, राकेश इंटरप्राईजेस एवं रामकुमार महेश कुमार गुप्ता की दुकान से अलग -अलग 4 लाख 62 हजार रूपये का तेल खरीदकर उसे अपनी चार पहिया क्विड गाड़ी जिसका नंबर **UP** 78 **HD** 4105 से लखनादौन में अस्पताल के पास किराये की शटर लेकर उसमें रख दिये और सिवनी की दुकान छोड़कर दिनांक 26 दिसंबर 2023 को फरार हो गये। शुभम सेवलानी कि रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 14/2024 धारा 420,34 भादवि अपराध पंजीबध्द किया गया।उक्त घटना को संज्ञान में लेते हुये श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राकेश कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री गुरूदत्त शर्मा के दिशा निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी पुरूषोत्तम सिह मरावी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली सतीश तिवारी व्दारा तत्काल मामले की सूचना को गंभीरता दिखाते हुये थाना स्तर पर तत्काल टीम गठित कर मामले की छानबीन शुरू की गई। पुलिस के द्वारा उ.प्र. के तीन व्यक्तियो के बारे मे जानकारी एकत्रित की गई। आसपास के कैमरे खगाले गये। टोल नाकों के फुटेज चैक किये गये जो तीनो लोगों के व्दारा माल को वाहन क्रमांक **UP**78 **HD** 4105 में दूसरी जगह शिफ्ट किया जाना पाये जाने पर पुलिस टीम व्दारा पता करते हुये दो व्यक्तियों को जिसमें मनोज पिता कल्लू प्रजापति उम्र 44 साल निवासी फुलबाग माल रोड कानपुर तथा दूसरा राजू पिता चंद्रकिशोर प्रजापति उम्र 20 साल निवासी हनुमत नगर नेशनल बैंक थर्ड फ्लोर कुंडा प्रतापगढ़ उत्तरप्रदेश है। एक और आरोपी कुलदीप पिता विजय प्रजापति उम्र 27 साल निवासी वार्ड न.4 हालीपुर नगर पंचायत सीतामऊ कालोनी उत्तरप्रदेश है जो की फरार है। दोनो से धोखाधड़ी का माल बरामद किया गया। जप्तीमाल में क्विड कार वाहन क्रमांक **UP**78 **HD** 4105 एवं कुकिंग आईल फारचून, धारा, महाकौश, सुधाश्री, कृति, किंग्स आदि विभिन्न कंपनियों के कीमती करीब 4 लाख 62 हजार रूपये शामिल है। सराहनीय कार्य को करने में निरीक्षक सतीश तिवारी, उनि राहुल काकोडिया, प्र. आर. 90 सुंदर श्याम तिवारी आर 262 नितेश राजपूत, 134 अमित रघुवंशी एवं समस्त चीता स्टाफ थाना कोतवाली सिवनी की सराहनीय भूमिका रही।

## टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सिवनी।

G n s छिंदवाड़ा रोड पेट्रोल पंप के बाजू के मैदान पर 11 जनवरी से जी एन एस क्लब के तत्वाधान में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है क्रिकेट लीग मैच का शुभारंभ दिनांक 11 जनवरी से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम संयोजक रूपक बघेल के द्वारा बताया गया कि यह प्रतियोगिता का दूसरा वर्ष ह प्रथम वर्ष सफलतम रहा इसी कड़ी को आगे बढ़ते हुए जी एन एस क्लब के माध्यम से यह द्वितीय वर्ष बड़े ही उल्लास के साथ आयोजित किया जा रहा है इसमें जिले की सभी टीमों ने भाग लिया है प्रतिदिन इस मैदान में चार से पांच मैच खेले जाएंगे तथा इस कार्यक्रम का समापन फाइनल मैच 26 जनवरी के दिन होगा आयोजन टीम ने सभी क्रिकेट प्रेमियों से अपील की है कि इस भव्य आयोजन को देखने के लिए अधिक से अधिक संख्या पर आए और खेल का आनंद उठाएं।

## लाड़ली बहनों को मुख्यमंत्री की 1576 करोड़ रूपये की राशि हस्तांरित

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर, भोपाल से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत प्रदेश की 1.29 करोड़ बहनों को 1576 करोड़ एवं 56 लाख से अधिक हितग्राहियों को 341 करोड़ की पेंशन व आर्थिक सहायता का वर्चुअल माध्यम से अंतरण किया।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶। सिवनी।

इसी परिपेक्ष्य में जिलास्तरीय कार्यक्रम नगर पालिका मानस भवन सिवनी में आलोक दुबे के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मेघा शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में लाभार्थी बहनों की उपस्थिति रही। साथ ही कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष से कलेक्टर क्षितिज सिंघल, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सिवनी शअभिजीत पचौरी, उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग वीरेश सिंह बघेल, बाल संरक्षण अधिकारी विकास दुबे उई सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी एवं लाभार्थी हितग्राही उक्त कार्यक्रम से वर्चुअल माध्यम से जुड़ते हुऐ कार्यक्रम को देखा व सुना गया।

## नूप पाराशर का सुयश बने अथक परिश्रम से चार्टेट अकाउंटेंट



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर के रहने वाले अनूप ( भोलू )पाराशर ने आई. सी.ए . आई. द्वारा घोषित सी ए फाइनल के परीक्षा परिणाम में नगर के प्रतिष्ठित स्वर्गीय अनिल पाराशर जी के सुपुत्र एवं अभिषेक मोनू पाराशर अनुज भाई सी ए बनने के नाम को हासिल करने के लिए मोनू पाराशर के छोटे भाई के द्वारा वर्षो का अथक परिश्रम त्याग तपस्या एवं प्रयासों का परिणाम आज सफल हुआ बड़े बुजुर्गो के आशीर्वाद पितरो कुलदेवी देवताओं ईश्वर की कृपा दृष्टि से अनूप पाराशर (भोलू ) को **CA** (चार्टर्ड अकाउंटेंट ) बनने पर सभी परिवार जनों एवं मित्रों द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी इस अवसर पर अनूप ने कहा कि उनके स्वर्गीय चाचा एवं माँ का सपना पूरा हुआ आज दोनों होते तो बोहत खुश होते।

## 22 जनवरी को पूरे देश में सार्वजनिक अवकाश हो-जितेन्द्र सिंह

**पीएम मोदी से निवेदन किया है कि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। प्राण प्रतिष्ठा को देखते हुए तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी हैं। 22 जनवरी को प्रधानमंत्री मोदी सहित देश के प्रमुख अयोध्या आयेंगे।इस बीच शिवनी के फ्रीलांसर जर्नलिस्ट जितेन्द्र सिंह ने भारत सरकार से ये मांग की है।**



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** फ्रीलांसर का कहना है कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा देखने के लिए पूरे देश में 22 जनवरी, 2024 को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए।

जर्नलिस्ट जितेन्द्र सिंह ने कहा कि 500 वर्षों का हमारा संघर्ष रहा है। प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रामलला की, मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कर रहे होंगे तो परिवार का हर सदस्य एक साथ उनका दर्शन करे। घर, मंदिर जहां भी हो टीवी स्क्रीन पर ऐतिहासिक अनुष्ठान को देखें और पूजा करें। इसलिए उन्होंने राज्य सरकार और केंद्र सरकार से मांग की है कि 22 जनवरी को एक दिन के सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की जाए।

## जिला स्तरीय रोजगार मेला 12 को शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सिवनी।

कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय और जिला रोजगार कार्यालय सिवनी के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार 12 जनवरी 2024 को शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी में जिला स्तरीय रोजगार मेलें का आयोजन किया जाना है।

जिसमें देश एवं प्रदेश की विभिन्न कंपनी द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे। नियोजकों द्वारा ट्रेनी, मशीन ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, बीमा एजेंट, सेल्स एक्सिकेटिव, कॉल सेन्टर, ऑपरेटर आदि पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। 18 वर्ष से 35 वर्ष आयु सीमा के बीच के इच्छुक आवेदक जो कक्षा 5 वीं, 8 वीं, 10 वीं, 12 वी, आईटीआई और स्नातक तक उत्तीर्ण हैं। अपने समस्त प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन, अंकसूची, दो पासपोर्ट साइज की फोटो लेकर मेले में उपस्थित हो लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस हेतु मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

### कैपिसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन 12 जनवरी को

**सिवनी**/ महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग सिवनी ने बताया कि महानिदेशक विदेश व्यापार भारत सरकार इंदौर द्वारा जिले में निर्यात को बढावा देने के उद्देश्य से जिला निर्यात हब पहल के तहत 12 जनवरी 2024 को कैपिसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन सांई रेसिडेंसी पॉवर ग्रिड के समीप जबलपुर रोड सिवनी में किया गया है।

महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग सिवनी ने जिले के समस्त उद्योगपति तथा कृषक उत्पाद संघ जो अपने उत्पाद को निर्यात करना चाहते हैं, से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में सहभागिता करने की अपील की है। उक्त संबंध में अधिक जानकारी के लिये जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी से संपर्क किया जा सकता है।

# पीएम विश्वकर्मा योजना का लाभ कारीगर शिल्पकार

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 17 सितंबर 2023 को केंद्रीय पीएम विश्वकर्मा योजना शुरू की गई थी, जिसका उद्देश्य अपने हाथों और औजारों की मदद से काम करने वाले कारीगरों और शिल्पकारों को शुरू से अंत तक सहायता प्रदान करना है। इस योजना में 18 व्ययसायों जैसे (**i**) बढ़ई; (**ii**) नाव निर्माता; (**iii**) हथियार निर्माता; (**iv**) लौहार; (**v**) हथौड़ा और टूल किट निर्माता; (**vi**) ताला बनाने वाला; (**vii**) सोनार; (**viii**) कुम्हारः (**ix**) मूर्तिकार (मूर्तिकार, पत्थर तराशने वाला), पत्थर तोड़ने वाला; (**x**) मोथी/जूला कारीगर; (**xi**) राजमिस्त्री; (**xii**) टोकरी/चटाई झाडू निर्माता/कॉयर बुनकर; (**xiii**) गुड़िया और खिलौना निर्माता (पारंपरिक); (**xiv**) नाईः (**xv**) माला बनाने वाला; (**xvi**) धोबी; (**xvii**) दर्जी; और (**xviii**) मछली पकड़ने का जाल निर्माण में लगे कारीगरों और शिल्पकारों को शामिल किया गया है।

पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत कारीगरों और शिल्पकारों को निम्नानुसार लाभ प्रदान करने की व्यवस्था की गई हैः पहचानः पीएम विश्वकर्मा प्रमाण पत्र और आईडी कार्ड के माध्यम से कारीगरों और शिल्पकारों की पहचान। कौशल उन्नयनः 500 रुपये प्रति दिन के वजीफे के साथ 5-7 दिनों का बुनियादी प्रशिक्षण और 15 दिनों या उससे अधिक का उन्नत प्रशिक्षण। टूलकिट प्रोत्साहनः बुनियादी कौशल प्रशिक्षण की शुरुआत में ई-वाउचर के रूप में 15,000 रु. रुपये तक का टूलकिट प्रोत्साहन । कर्ज सहायताः बिना कुछ गिरवी रखे 'उद्यम विकास ऋण के रूप में तीन लाख रुपए तक का ऋण एक लाख और दो लाख रुपए के दो किश्तों में क्रमशः 18 महीने और 30 महीने की अवधि के लिए 5 प्रतिशत निर्धारित रियायती ब्याज दर पर भारत सरकार द्वारा 8 प्रतिशल की सीमा तक छूट के साथ प्रदान किया जाएगा। जिन लाभार्थियों ने बुनियादी प्रशिक्षण पूरा कर लिया है, ये एक लाख रुपये तक की ऋण सहायता की पहली किश्त का लाभ उठाने के पात्र होंगे। दूसरी ऋण किश्त उन लाभार्थियों के लिए उपलब्ध होगी जिन्होंने पहली किश्ल का लाभ उठाया है और एक मानक ऋण खाता बनाए रखा है और अपने व्यवसाय में डिजिटल लेनदेन को अपनाया है या उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त किया है। डिजिटल लेनदेन के लिए प्रोत्साहनः प्रत्येक डिजिटल भुगतान या रसीद के लिए प्रति डिजिटल लेनदेन एक रुपये की राशि के हिसाब से अधिकतम 100 लेनदेन मासिक तक लाभार्थी के खाते में जमा किया जाएगा। विपणन सहायताः मूल्य श्रृंखला से जुडाव में सुधार के लिए कारीगरों और शिल्पकारों को गुणवता प्रमाणन, ब्रांडिंग, जीईएम जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों पर मौजूदगी, विज्ञापन, प्रचार और अन्य विपणन गतिविधियों के रूप में विपणन सहायता प्रदान की जाएगी। उपर्युक्त लाभों के अलावा, यह योजना लाभार्थियों को औपचारिक एमएसएमई परितंत्र में 'उद्यमियों' के रूप में उदयम असिस्ट प्लेटफॉर्म पर शामिल करेगी। लाभार्थियों का नामांकन पीएम विश्वकर्मा पोर्टल पर आधार आधारित बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के साथ सामान्य सेवा केंद्रों के माध्यम से किया जाएगा। लाभार्थियों के नामांकन के बाद तीन चरणों में सत्यापन किया जाएगा जिसमें ग्राम पंचायत/यूएलबी स्तर पर सत्यापन, जिला कार्यान्वयन समिति द्वारा जांच और सिफारिश तथा स्क्रीनिंग समिति द्वारा अनुमोदन शामिल होगा।

अधिक जानकारी के लिए पीएम विश्वकर्मा के दिशानिर्देश **pmvishwakarma.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। योजना के संबंधित किसी भी जानकारी के लिए, कारीगर और शिल्पकार 18002677777 पर कॉल कर सकते हैं या **pm-vishwakarma@demsme.gov.in** पर ईमेल कर सकते हैं।

## मतदाता सूची में नाम जोड़ने एवं दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के नाम हटाने संबंधी दावा-आपत्ति आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सिवनी।

भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकरी म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 की गतिविधियां 6 जनवरी 2024 से प्रारंभ हो गई है। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रमानुसार 22 जनवरी 2024 तक प्रत्येक कार्य दिवस में बीएलओ द्वारा अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहकर मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने, वोटर लिस्ट में संशोधन, दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के नाम हटाने संबंधी आवेदन (दावे आपत्ति) लिए जाएंगे।दिनांक 13 एवं 20 जनवरी 2024 को उक्त संबंध में विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान समस्त बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र में मतदाता सूची का वाचन कर फॉर्म 6, 7 और 8 का आवेदन प्राप्त करेंगे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन की सुविधा प्रदान की गई है। ऑनलाइन आवेदन Voter Helpline App और voters.eci.gov.in इन के माध्यम से किया जा सकता है। जो युवा 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं वे भी अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकेंगे।

## खबर संक्षेप

### जिले में 3 स्थानीय अवकाश घोषित

**बालाघाट।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने आदेश जारी करते हुये वर्ष 2024 में जिले में 3 स्थानीय अवकाश घोषित किये है। जिले में 15 जनवरी मकर संक्राति पर, 26 मार्च होली का दूसरा दिन तथा 11 अक्टूबर दुर्गाष्टमी के दिन स्थानीय अवकाश रहेगा।

### सदफ़ राना खान को मिली पीएचडी की उपाधि

**बालाघाट।** राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज नागपुर यूनिवर्सिटी से श्रीमती सदफ़ राजा खान को पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया गया है।



श्रीमती सदफ़ राना खान ने बालाघ्झाट जिले में फेकल्टी ऑफ ह्यूमिनिटीज में, डॉ. केशव वाल्के एसोसिएट्स प्रोफेसर एवं मातृसेवा संघ इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल वर्क नागपुर के निर्देशन में विषय ''स्टडी ऑफ रोल ऑफ एजकेशन इन चाईल्ड रेरिंग प्रेक्टिस एमंग वूमेन इन बालाघाट मध्यप्रदेश'' शोध कार्य सफलतापूर्वक किया। उल्लेखनीय है कि श्रीमती सदफ़ राना खान, देश के मशहूर कवि स्व. हबीबुर्रहमान ''राही'' साहब की पौत्री और शासकीय आईटीआई के पूर्व प्राचार्य मोहसीन हबीब खान एवं समाजसेविका एवं संयोजक मानव अधिकार आयोग श्रीमती फिरोजा खान की सुपुत्री है। पीएचडी उपाधि से अलंकृत सदफ़ ने अपनी प्राथमिक से लेकर हायर सेकेंडरी तक की शिक्षा, केन्द्रीय विद्यालय बालाघाट से प्राप्त की और फिर बीएसएसएस कॉलेज भोपाल से मास्टर ऑफ सोशल वर्क में स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल की। जो वर्तमान में नागपुर में पति के निवासरत है, जहां उनके पति शेख सरफ़राज बैंक ऑफ इंडिया नागपुर में ब्रांच मैनेजर के पद पर कार्यरत है। पीएचडी की उपाधि से अलंकृत होने वाली सदफ़ खान ने अपने शोध कार्य के लिए गुरूजनों को धन्यवाद ज्ञापित किया है। वहीं उसकी इस सफलता पर सामाजिक बंधुओ, शहर के गणमान्य नागरिकों एवं शुभचिंतकों ने बधाई और शुभकामनाए दी है।

### राष्ट्रीय लोकनृत्य प्रतियोगिता में बालाघाट के आदिवासी बालकों ने किया प्रदेश का प्रतिनिधित्व



**बालाघाट।** जिले की प्रतिभाओं ने प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। इस बार राष्ट्रीय लोकनृत्य प्रतियोगिता में जिले के आदिवासी बालक आश्रम (अंग्रेजी माध्यम) के 6 विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय लोकनृत्य प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 29 राज्यो में 6 वां स्थान हासिल किया हैं। यह आदिवासी बाहुल्य जिले की एक बड़ी उपलब्धि है, कि आदिवासी बालकों ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दरअसल, राष्ट्रीय जनसंख्या परियोजना 2024 के तहत राष्ट्रीय लोकनृत्य प्रतियोगिता (आर.आई.ई.) का आयोजन उड़ीसा राज्य के भुवनेश्वर में किया गया था। जिसमें जिले के शासकीय आदिवासी बालक आश्रम (अंग्रेजी माध्यम) के छात्र लोकेश, बंजारीलाल, गोकुल, नमन, वंश एवं दिनेश ने प्रधानपाठक एम.एस. घरडे और सहयोगी शिक्षिका वाय. पटेल के मार्गदर्शन में लोकनृत्य प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रधानपाठक एम.एस. घरडे ने बताया कि हमारी संस्था ने लगातार दूसरी बार राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित लोकनृत्य प्रतियोगिता में जिले एवं प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर एक मिशाल कायम की है। जिसमें सहायक आयुक्त पी.एन. चतुर्वेदी, डाईट प्राचार्य एवं संस्था स्टॉफ का सराहनीय सहयोग रहा।

## प्रशासन से चर्चा के बाद लिया निर्णय, जिलाध्यक्ष ने की स्थगन की घोषणा

# चालक-परिचालक संघ ने हड़ताल की स्थगित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

भारत सरकार के अपर सचिव ने हिट एंड रन मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(2) को लागू करने का निर्णय ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के परामर्श के बाद ही लिया। इसके आदेश और प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा के बाद चालक एंड परिचालक संघ ने 11 जनवरी से प्रस्तावित वाहन चालकों की हड़ताल को स्थगित कर दिया है।

10 जनवरी को कोतवाली थाना प्रभारी कक्ष में एसडीएम राहुल नायक, परिवहन अधिकारी अनिमेष गढ़पाल, पुलिस अधिकारी और वाहन चालक एंड परिचालक संघ जिलाध्यक्ष महेश सहारे और वाहन चालकों की बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों और वाहन चालक संघ एवं वाहन चालकों से चर्चा की कि अभी वाहन चालकों की हड़ताल के कोई केंद्रीय निर्देश नहीं होने और पड़ोसी राज्यों में कथित हड़ताल की खबरों असत्य पाए जाने पर वह भी यहां हड़ताल ना करें।

किसी भी मामले में संयम से निर्णय लिए और वाहन चालकों की हड़ताल बिना कोई निर्देश के ना करें, ताकि जनता को असुविधा का सामना ना करना पड़े। वहीं प्रशासन ने भारत सरकार के अवर सचिव के निर्देश का भी हवाला देते हुए वाहन चालकों से प्रस्तावित हड़ताल को स्थगित करने की बात कही।

इस पर वाहन चालक एंड परिचालक संघ जिलाध्यक्ष महेश सहारे ने सहमति जाहिर करते हुए 11 जनवरी से जिले में वाहन चालकों की हड़ताल को स्थगित किए जाने का ऐलान किया। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा और गत दिवस गृहमंत्रालय की ओर से जारी आदेश का हवाला देते हुए कहा कि जारी आदेश के माध्यम से हमें विश्वास दिलाया है कि हिट एंड रन कानून में भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(2) में 10 साल की सजा और जुर्माने के निर्णय को लागू करने का निर्णय ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के परामर्श के बाद ही लिया जाएगा। जिसके चलते हड़ताल को स्थगित किया जाता है।



## रीवा-इतवारी एक्सप्रेस ट्रेन के लामता स्टॉपेज का सांसद डॉ. बिसेन ने किया शुभारंभ, लामता स्टेशन से ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



गाडी क्र. 11753/11754 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-रीवा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस का लामटा में ठहराव की सुविधा रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की मांग एवं उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए लामटा रेलवे स्टेशन में दी है।

लामता स्टॉपेज कार्यक्रम का 09 जनवरी की रात्रि लगभग 10.30 बजे सांसद डॉ. डॉ ढालसिंह बिसेन एवं जोनल रेल सलाहकार समिति सदस्य मोनिल जैन की उपस्थिति में लामटा स्टेशन में गाड़ी क्र.11753 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-रीवा-एक्सप्रेस को हरी झड़ी दिखा कर शुभारंभ किया गया। इस दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के प्रभारी मंडल रेल प्रबंधक उदय बोरवणकर, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक दिलीप सिंह, एसीएम अविनाश आनंद, मंडल के अन्य अधिकारी, क्षेत्रीय प्रतिनिधि, मिडिया प्रतिनिधि, जनता तथा रेल कर्मी उपस्थित थे। इस दौरान सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन ने कहा कि रीवा-इतवारी एक्सप्रेस के लामता स्टॉपेज होने से ना केवल लामतावासियों को लंबी दूरी की यात्रा के लिए एक्सप्रेस ट्रेन की सुविधा मिली है। बल्कि इससे क्षेत्रीय व्यापारियों के व्यापार को लाभ भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि वह सतत प्रयासरत है कि जिले में रेलसुविधाओं का विस्तार हो। जल्द ही नए मार्ग से इतवारी-बालाघाट ट्रेन को भी बालाघाटवासियों के मांग अनुरूप प्रारंभ किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार गाडी क्र.11753 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-रीवा एक्सप्रेस 9 जनवरी से लामटा रेलवे स्टेशन पर 22.31 बजे पहुंचेगी तथा 22.32 बजे रवाना होगी तथा गाड़ी 11754 रीवा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस नियमित 11 जनवरी से लामटा रेलवे स्टेशन पर 01.39 बजे पहुंचेगी तथा 01.40 बजे रवाना होगी।


लामता स्टॉपेज शुभारंभ कार्यक्रम में अतिथियों एवं रेलवे अधिकारियों के अलावा मंडल रेल सलाहकार समिति सदस्य अरुण राहंगडाले, स्टेशन समिति पूर्व सदस्य राज हरिनखेरे, भाजपा उपाध्यक्ष संजय गौतम, जनपद उपाध्यक्ष शंकरलाल बिसेन, लामता सरपंच हुलासमल कोचर, शशि तवर, धनेश असाटी, श्री श्रीवास, प्रवीण जैन,सुशील कोचर, खिलेश्वर पटले सहित अन्य नागरिक उपस्थित थे।

## बाड़ी जमीन विवाद में महिला के सिर पर मारी कुल्हाड़ी, आरोपी को कारावास

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

आरक्षी केन्द्र हट्टा के कुंडे में 28 अप्रैल 2021 को बाडी की जमीन विवाद में आरोपी 52 वर्षीय सियाराम खरे पिता जेठु उर्फ पेठू खरे को बालाघाट न्यायाल के माननीय सत्र न्यायाधीश दिनेशचंद्र थपलियाल की अदालत ने धारा 307 में दोषी पाते हुए 5 वर्ष के सश्रम कारावास और 5 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित करने का आदेश दिया है। अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक एम.एम. द्विवेदी ने पैरवी की थी।

लोक अभियोजक एम.एम. द्विवेदी ने बताया कि घटना हट्टा थाना अंतर्गत कुंडे मोहगांव में 28 अप्रैल 2021 की है, जब प्रातः लगभग 11 बजे सियाराम खरे का बाडी की जमीन को लेकर तुलसीराम से विवाद हुआ था और अपरान्ह लगभग 04 बजे तब तुलसीराम की पत्नी बेनोबाई बाड़ी में सब्जि-भाजी लगा रही थी। इस दौरान सियाराम खरे ने फिर बाडी को लेकर विवाद किया। जिसका महिला बेनोबाई द्वारा प्रतिकार किए जाने पर आवेश में आकर सियाराम ने अश्लील गाली गल्लौज कर उसे जाने से मारने की धमकी देकर उसके सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिससे महिला बेनोबाई के सिर से खून निकलने पर उसे जिला चिकित्सालय लाया गया। इस मामले में तुलसीराम की रिपोर्ट पर हट्टा पुलिस ने धारा 294, 307, 506 भादंवि. का अपराध कर विवेचना में लिया और विवेचना



उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया था। जिसमें माननीय न्यायालय में विचारण चल रहा था। विचारण के दौरान साक्ष्यो और लोक अभियोजक के तर्को से सहमत होकर माननीय न्यायाधीश द्वारा आरोपी को दोषी पाते हुए 5 वर्ष के सश्रम कारावास और 5 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित करने का फैसला दिया है।

### पंजीकृत किसान 3 तिथियों में कर सकते है, स्लॉट बुकिंग

**बालाघाट।** जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती ज्योति बघेल ने समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के संबंध में जानकारी देते हुये बताया कि जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिये शेष रहे पंजीकृत किसानों के स्लॉट बुकिंग के लिये शासन द्वारा 3 तिथियॉ 10, 11 व 12 जनवरी निर्धारित की गई है। पंजीकृत किसान इन तिथियों में अपने धान के विक्रय के लिये ई-उपार्जन पोर्टल पर स्लॉट बुक करवा सकते है।

## पालीताणा यात्रा से लौटें तीर्थ यात्री : समाजजनों ने वरघोड़ा निकालकर किया स्वागत

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** गुजरात के भावनगर जिले में स्थित प्रसिद्ध जैन तीर्थ पालीताणा के शत्रुंजय पर्वत पर देश विदेश से हर साल हजारों धर्मावलंबी नवाणु यात्रा करते है। जैन धर्म के अनुसार इस यात्रा को करने से मोक्ष प्राप्त होता है। जैन धर्म के पहले तीर्थंकर भगवान आदिनाथ ने पहली बार यह यात्रा प्रारंभ की थी।



बालाघाट के 40 सदस्यीय दल ने पालीताणा पहुंचकर शत्रुंजय पर्वत की कठिन यात्रा की। बुधवार को यात्रा पूरी कर वापस बालाघाट लौटें 10 सदस्यों का समाजजनों ने स्वागत किया। इस दौरान नगर के श्री जूनिकुशल सूरि दादा बाड़ी से हरि मंगलम मैरिज लॉन तक तीर्थ यात्रियों का वरघोड़ा निकाला गया।

इस वर्ष जिला मुख्यालय के हर्षवर्धन सेठिया, अक्षत कांकरिया, प्रदीप खजांची, वल्लभ बाफना, मनीषा अक्षत बाफना, अंकिता अर्पित वैद्य, श्वेता आदित्य सेठिया, वर्षा अभिषेक बाफना, अपूर्वा बरड़िया और स्वरा बाफना ने अपने प्रबल आत्मबल का परिचय देते हुए नवाणु यात्रा पूर्ण की। समाजजनों ने सभी तीर्थ यात्रियों का स्वागत किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में जैन धर्मावलंबी उपस्थित थे।

## मॉयल प्रस्तुत करता है मॉयल टाइगरमैन ट्रॉयथलान फरवरी 2024

### स्वास्थ्य, खेल और सामुदायिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** देश के सबसे बड़े मैंगनीज अयस्क उत्पादक मॉयल लिमिटेडए नागपुर ने स्वास्थ्यए फिटनेस और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए टाइगरमैन ट्रायथलॉन को सहयोग कर रहे है।10 और 11 फरवरी 2024 को नागपुर में होने वाले टाइगरमैन ट्रायथलॉन के शीर्षक प्रायोजक के रूप में खनन मिनीरत्न ने खेल प्रायोजन के क्षेत्र में कदम रखा है। तैराकी, साइकिल चलाना और विभिन्न दूरी तक दौड़ने वाली मल्टीस्पोर्ट दौड़ के साथ यह आयोजन देश भर के प्रतिभागियों और दर्शकों को आकर्षित करने के लिए तैयार है। इसके अलावा विदेशों से भी काफी संख्या में प्रतिभागियों के आने की उम्मीद है। ट्रायथलॉन के अलावा डुएथलॉन कार्यक्रमों ;साइक्लिंग़ रनिंग की भी योजना बनाई गई है। इस आयोजन में विभिन्न श्रेणियों में कुल 5 लाख का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। टाइगरमैन ट्रायथलॉन के रेस निदेशक अमित समर्थ ने स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए मॉयल के समर्थन के बारे में उत्साह व्यक्त किया। यह सहयोग सामुदायिक सशक्तिकरण और संतुलित जीवनशैली के प्रति मॉयल की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है जिसका लक्ष्य व्यक्तियों को फिटनेस.उन्मुख जीवन के लिए प्रेरित करना है। मॉयल द्वारा समर्थित टाइगरमैन ट्रायथलॉन के लिए उत्सुकता बढ़ रही है जो टाइगर सिटी नागपुर में एक विश्व स्तरीय कार्यक्रम शुरू करने के लिए तैयार हैजो एथलेटिकिज्म और सामुदायिक भावना के एक असाधारण प्रदर्शन का वादा करता।



### बाल श्रम रोकने के लिये विभाग अपने सूत्र करेगा मजबूत

## श्रम विभाग की जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स समिति की बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

सोमवार को कलेक्टर सभागृह में अपर कलेक्टर श्री ओपी सनोडिया व जिपं सीईओ की संयुक्त अध्यक्षता में श्रम विभाग की जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में श्रम कानुनों के तहत बाल श्रम रोकने के लिये सामाजिक संस्थाओं और संबंधित विभागों के द्वारा सुझाव लिये गए। अपर कलेक्टर श्री सनोडिया ने कहा कि सबसे पहले तो विभाग बाजारों में लगने वाली कई दुकानों जैसे- चाय, ढाबा, होटल, किराना दुकान, कपड़ा बाजार आदि संस्थानों मे कार्य कर रहे बाल श्रम को रोकने के लिये अपने सुत्र मजबुत करे जिससे विभाग को सूचनाएं प्राप्त हो सके। साथ ही विभाग के निरीक्षकों द्वारा समय-समय पर निजी प्रतिष्ठानों का भी निरीक्षक करे। लगातार समय में अगर निरीक्षण होते रहे तो इससे कुछ बदलाव आयेगा। जिपं सीईओ श्री रणदा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सरपंच सचिवों के माध्यम से भी बाल श्रमिकों की जानकारी लेकर उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से जोड़ते हुये आर्थिक सहयोग प्रदान किया जा सकता है। समिति के सदस्यों ने मुख्य रूप से शहरों में छोटे बच्चों के साथ भीख मांगने वाली महिलाओं की जांच करने आवश्यक जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक के दौरान श्रम विभाग के नोडल अधिकारी राकेश ठाकरे, बाल श्रम के नोडल अधिकारी श्री यादव, श्रम सतर्कता समिति की सदस्य श्रीमती वीणा कनोजियॉ, श्रीमती किरण मंडावी, सिद्धार्थ सेंडे और हरिप्रसाद गौतम उपस्थित रहे।

### 18 वर्ष तक के बच्चें भी स्कूल टाईम में नहीं कर सकते है कार्य

बैठक के दौरान नोडल अधिकारी श्री ठाकरे ने बाल एवं कुमार श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 तथा बंधक श्रम (उत्पादन) अधिनियम 1976 के विभिन्न प्रावधानों के संबंध में समिति के समक्ष जानकारियॉ रखी गई। उन्होंने कहा कि 14 वर्ष के बाद भी 18 वर्ष तक के बच्चें कुटुम्भ के उपक्रम में स्कूल टाईम में भी कार्य नहीं कर सकते। इसके अलावा अधिनियम 1986 के संसोधित प्रावधानों 2016 के अंतर्गत 14 वर्ष की आयु का सभी प्रकार के कार्य में नियोजन प्रतिबंधित किया गया है। जबकि 14 से 18 तक के बच्चों का खतरनाक क्रियाओं में नियोजन के लिये प्रतिबंधित किया गया है। इसमें कोयला उद्योग, सीमेंट, पेट्रोलियम, रासायनिक, लौह, उर्वरक, शक्तिजनन, चर्मशोधन तथा खान व ज्वलनशील पदार्थो के निर्माण में लगाने से पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। संसोधित प्रावधान के अनुसार दण्डनीय राशि 10000 से बढ़ाकर 20000 रुपये न्युनतम तथा अधिकतम 50000 की गई है। इतना ही नहीं सजा में भी वृद्धि करते हुये 3 माह से बढ़ाकर 6 माह से कम नहीं और 2 वर्ष तक हो सकती है।

### बाल श्रम रोकने के लिये आम नागरिक भी भूमिका निभा सकता है

बाल श्रम रोकना सिर्फ विभाग या समिति का ही दायित्व नही है बल्कि आम नागरिक भी बाल श्रम रोकने में अपनी भूमिका निभा सकता है। इसके लिये पेंसिल पोर्टल बनाया गया है जहां शिकायत की जा सकती है वहीं किसी भी पुलिस स्टेशन के अलावा श्रम विभाग के निरीक्षक, चाईल्ड लाईन 1098 पर भी शिकायत की जा सकती है। विभाग द्वारा बंधक श्रम को रोकने के लिये ऑनलाईन भी प्लेटफॉर्म तैयार किया गया है। इसके लिये अलग से विभाग कार्य भी कर रहा है। इसमें ऑनलाईन बंधवा श्रम पहचान, पूनर्वास, ट्रेकिंग और उन्मूलन के लिये लिबर्टी पोर्टल संचालित कर रहा है।

### निलजी में दिन-रात का मेला 21 को

**खमरिया।** जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत ग्राम पंचायत निलजी के हुड़की में सार्वजनिक देवस्थान समीति के तत्वाधान में माता बोम्लई एवं ढोलापाट व माता अन्नपूर्णा के दरबार में आगामी 21 जनवरी को दिन रात का मेला एवं प्रातः काल से माता की पूजा अर्चना कार्य प्रेम का आयोजन किया गया है। तत्सबंधं में जानकारी देते हुये सार्वजनिक देवस्थान समीति निलजी के पदाधिकारियो ने बताया कि निलजी हुड़की स्थित माता बोम्लई एवं ढोलापाट व माता अन्नपूर्णा के दरबार में 21 जनवरी को पूजा-अर्चना कार्यक्रम एवं दिन-रात के मेले का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर क्षेत्र भर से पहुंचने वाले श्रद्धालुजन माता की पूजा पाकर धर्मलाम अर्जित अर्चना करेंगे एवं ग्रामीणजनों के रात्रिकालीन मनोरंजन के लिये रात में रंगा रंग धार्मिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की सार्वजनिक देवस्थान समीति निलजी के पदाधिकारियों ने की है।

## लाड़ली बहनाओं के साथ मनाया मकर संक्रांति उत्सव, सीएम ने अंतरित की योजना राशि

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज लाड़ली बहनाओ के साथ मकर संक्रांति उत्सव मनाते हुए योजना के तहत बहनाओ के बैंक खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से राशि अंतरित की। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में महिला सशक्तिकरण अंतर्गत राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा वीसी के माध्ययम से लाडली बहना योजना के हितग्राहियों को माह जनवरी



2024 की मासिक आर्थिक सहायता राशि अंतरण कार्यक्रम का आयोजन कुशाभाउ ठाकरे कन्वेशन सेंटर भोपाल में किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का प्रसारण जिलों में वीसी के माध्यम से प्रसारित किया गया। कार्यक्रम का लाईव वेबकास्ट एवं दूरदर्शन पर सजीव प्रसारण किया गया कार्यक्रम स्थल पर लाडली बहना योजना की हितग्राही महिलायें, लाडली बहना सेना तथा शौर्यादल की सदस्य, लाडली लक्ष्मी की बालिका हितग्राही (15 वर्ष से अधिक आयु), स्वयं सहायता समूह की महिलायें विशेष रूप से सम्मिलित रही। स्थानीय रूप से आयोजित कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष श्रीमति भारती सुरजीत सिंह ठाकुर, जबलपुर संभाग की संयुक्त संचालज श्रीमती शशि श्यामा उइके, पार्षदगणों में श्रीमती श्वेता जैन व श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री प्रशांत दीप सिंह ठाकुर और विभाग की पर्यवेक्षकों एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में 1618 की स्वास्थ्य जांच, 533 टीबी व 335 की सीकल सेल की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट 10 जनवरी 24/ विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत हर दिन कई आम नागरिक व विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जिले की 10 जनपदों में 20 स्थानों पर यात्रा पहुंची। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाये गए स्वास्थ्य शिविर में 16 पंचायतों में 1618 नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की गई। इसके अलावा 533 ने टीबी और 335 नागरिकों की सीकल सेल की जांच की गई। साथ ही भारत शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभ प्राप्त कर चुके 213 हितग्राहियों ने अपनी सफलता की कहानी मेरी कहानी मेरी जुबानी में ग्रामीणों के समक्ष मंच से सुनाई।

विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को बैहर जनपद के ग्राम लहंगाकन्हार व कंदई, परसवाड़ा के ग्राम खुरसुड़ रै. व उमरियॉ रै., लांजी के ग्राम थानेगांव व खांडाफरी, कटंगी के ग्राम कोहका व नवेगांव, बालाघाट के ग्राम मानेगांव पायली, वारासिवनी के ग्राम कोस्ते व डोंगरगांव, किरनापुर के ग्राम बोरगांव व भुवा, खैरलांजी के ग्राम झिरियॉ व कचेखानी, बिरसा के ग्राम बहेराभाटा व सालटेकरी और लालबर्रा जनपद के ग्राम मोहगांव बो. व बोरी पहुंची।

यात्रा आज बैहर जनपद के ग्राम सिजोरा, परसवाड़ा के ग्राम छपरवाही व मोहनपुर, लांजी के ग्राम देवलगांव व दहेगांव, कटंगी के ग्राम सुंदर व मोहगांव, बालाघाट के ग्राम टेकाडी व धनसुआ, वारासिवनी के ग्राम डोके व भांडी, किरनापुर के ग्राम पीपलगांवकलॉ व कोसमारा, खैरलांजी के ग्राम पांजरा व गाजपुर, बिरसा के ग्राम रघोली व मछुरदा और लालबर्रा जनपद के ग्राम बल्हारपुर व बहियाटिकुर में भ्रमण करेगी।